पाठ 1 भाषा *(Language)*

एक-दूसरे की बातों को समझना, बोलना और सोच समझकर जवाब देना ही भाषा कहलाती है। भाषा के द्वारा एक-दूसरे के भाव व विचारों को समझा जाता है।

जैसे–

हम देख सकते हैं कि इस प्रकार ये सभी अपने मन के भाव व विचारों को एक दूसरे तक भाषा के माध्यम से प्रकट कर पा रहे हैं।

सभी चित्रों में वे एक-दूसरे को सुनकर, समझकर और बोलकर जवाब दे रहे हैं।

भाषा– अपने मन के भावों, विचारों और बात को दूसरों तक प्रकट करने के माध्यम को '**भाषा**' कहते हैं।

अभ्यास कार्य

1. **नीचे दिए गए वाक्यों को पूरा कीजिए–**

समझना, पूछना, जवाब, प्रेम से, बोलना

(क) सोच-समझकर .... भाषा का रूप है।

(ख) दूसरों की बातों को .... भी भाषा का रूप है।

(ग) दूसरों से सवाल .... व उनके .... देना भी भाषा है।

(घ) हमें दूसरों से .... बोलना चाहिए।

मूल्यांकन– ★ ★★ ★★★

शिक्षक/शिक्षिका ह॰

पाठ 2

भाषा के प्रकार

(Types of Language)

भाषा दो प्रकार की होती है– **1. मौखिक, 2. लिखित।**

मौखिक भाषा– जब हम मुँह (मुख) से बोलते हैं और दूसरा सुनता है, तो वह '**मौखिक भाषा**' कहलाती है।

इस प्रकार दोनों चित्रों में बोलकर वे एक-दूसरे की बातों को समझकर भाषा के मौखिक रूप का प्रयोग कर रहे हैं।

लिखित भाषा– जब हम अपनी बात दूसरे को लिखकर या पढ़कर समझाते हैं या बताते हैं, तो वह '**लिखित भाषा**' कहलाती है।

जैसे–

इस तरह दोनों चित्रों में बालिका और अध्यापिका दोनों भाषा के लिखित रूप का प्रयोग कर रहे हैं और लिखित रूप से दूसरों को समझा रहे हैं।

हमने सीखा–

भाषा के दो रूप होते हैं– मौखिक और लिखित।

भाषा के द्वारा हम बोलना, पढ़ना, लिखना, समझना व समझाना सीखते हैं।

अभ्यास कार्य

1. चित्र देखकर बताइए कौन क्या कर रहा है?

(क) रमन ………………… रहा है। (पढ़/लिख)

(ख) दादा जी अखबार .... रहे हैं। (पढ़/लिख)

(ग) मोहन मन में .... रहा है। (सोच/पढ़)

(घ) करण .... रहा है। (लिख/गा)

2. सही विकल्प पर सही का निशान (✓) लगाइए–

(क) मुँह से बोलना भाषा का रूप है।

(*i*) मौखिक ☐

(*ii*) लिखित ☐

(ख) पुस्तिका में लिखना भाषा का रूप है।

(*i*) मौखिक ☐

(*ii*) लिखित ☐

(ग) हमें सबसे किस तरह से बोलना चाहिए?

(*i*) चीखकर ☐

(*ii*) प्यार से ☐

(घ) हमें अपने मन के भाव किस तरह बताने चाहिए?

(*i*) बोलकर ☐

(*ii*) तोड़कर ☐

3. चित्र देखकर भाषा के सही रूप में सही का निशान (✓) लगाइए–

(क)

(*i*) मौखिक भाषा ☐

(*ii*) लिखित भाषा ☐

(ख)

(*i*) मौखिक भाषा ☐

(*ii*) लिखित भाषा ☐

(ग)

(*i*) मौखिक भाषा ☐

(*ii*) लिखित भाषा ☐

(घ)

(*i*) मौखिक भाषा ☐

(*ii*) लिखित भाषा ☐

मूल्यांकन–★ ★★ ★★★

शिक्षक/शिक्षिका ह॰